**मांग** महिला संकुल आजीविका बहुप्रयोजन सहकारी संघ बटौंधा में घोटाला, नए चयनित पदाधिकारियों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

# पूर्व नोडल अधिकारी पर अनियमितताओं के आरोप



**डिंडौरी, नवभारत 17 नवंबर।** दीनदयाल अंत्योदय योजना राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत संचालित संकुल स्तरीय महिला आजीविका बहुप्रयोजन सहकारी संघ मर्यादित बटौंधा में गंभीर अनियमितताओं का मामला प्रकाश में आया है।

विगत दिवस संकुल के नव-चयनित पदाधिकारियों द्वारा कलेक्टर को सौंपे गए ज्ञापन ने पूरे मामले की परतें खोल दी हैं, जिसमें पूर्व नोडल अधिकारी दिनेश तिवारी पर दस्तावेज छिपाने से लेकर लाखों की राशि के संदिग्ध प्रबंधन तक, कई गंभीर आरोप लगाए गए हैं। नवीन पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि स्थानांतरण के बाद भी पूर्व नोडल अधिकारी दिनेश तिवारी ने संकुल की पुरानी चेकबुक, कैशबुक, बैठक रजिस्टर, संकुल की सील जैसे महत्वपूर्ण दस्तावेज अपने पास रखे हुए हैं और उन्हें संकुल को सौंपने से लगातार बचते आ रहे हैं।

### खाली चेक पर हस्ताक्षर और मनमानी का आरोप

संकुल सदस्यों ने बताया कि तिवारी द्वारा उनसे खाली चेकों पर हस्ताक्षर करवाए जाते थे और बाद में मनचाही राशि भरकर अपनी सुविधा अनुसार किसी भी ग्राम संगठन में स्थानांतरित कर दी जाती थी। महिलाओं का कहना है कि उन्हें इसकी जानकारी बाद में होती थी या बिल्कुल भी नहीं मिलती थी।

### नकली पदाधिकारियों की नियुक्ति

सबसे चौंकाने वाला आरोप यह है कि तिवारी ने गोपनीय तरीके से संजुलता आर्मो को संकुल अध्यक्ष, संगीता मार्को को संकुल कोषाध्यक्ष के रूप में फर्जी तरीके से चयनित कर राज्य कार्यालय की गूगल शीट में भी उनके नाम भर दिए। ब्लॉक प्रबंधक को इसकी जानकारी तक नहीं दी गई और तिवारी ने कथित तौर पर कहा कि 'जो मैं करूंगा वही होगा, बीएम कौन होता है रोकने वाला।' जबकि गाइडलाइन के अनुसार संकुल के पदाधिकारी वही बन सकते हैं जो ग्राम संगठन के अध्यक्ष हों और प्रति दो वर्ष में बदलाव अनिवार्य है।

### लाखों की राशि का हेरफेर

संकुल के अनुसार संजुलता आर्मो ने ग्राम संगठन व संकुल से 9 लाख रुपये, संगीता मार्को ने 1 लाख रुपये, जिनमें से केवल 15 हजार रुपये वापस किए और यह राशि पूर्व नोडल द्वारा ही उनके निजी उपयोग के लिए दिलवाई गई थी। ज्ञापन में आरोप है कि तिवारी ने सारसताल ग्राम संगठन को 35 लाख रुपये की ष्ट्रढ्ढस्न राशि भेजी, जबकि वहां कुल 17 समूह हैं और नियम अनुसार अधिकतम 8.50 लाख रुपये ही भेजे जा सकते थे। यह रकम 'नियम विरुद्ध व संदिग्ध' बताई गई है।

**इनका कहना है**

लगाये गये आरोप निराधार हैं। मेरे पास पावती है और सारा रिकॉर्ड संजुलता आर्मो के पास रखा है, जो कि 22 तारीख को अध्यक्ष बनीं हैं। सारे रिकॉर्ड देखे जा सकते हैं। चेकबुक चम्मन बाई के पास है, उसमें ही लेनदेन हुआ है और आप बैंक का स्टेटमेंट भी देख सकते हैं। अगर चेकबुक मेरे पास होती तो लेनदेन कैसे होता?

**दिनेश तिवारी, सहायक विकासखंड प्रबंधक, म. प्र. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन शहपुरा**

फर्जी नियुक्ति के आरोप गलत हैं, चयन के समय जो महिलायें मौजूद थीं, उन्हीं के द्वारा पदाधिकारियों का चयन किया गया है, जिसके फोटो और वीडियो बतौर साक्ष्य हमारे पास मौजूद हैं।

**संजुलता आर्मो, संकुल अध्यक्ष**



# एसडीएम की गाड़ी को स्कार्पियो ने मारी टक्कर

▶ घटना में ड्राइवर सहित एसडीएम घायल

**नौरोजाबाद नवभारत 17 नवंबर।** जिले में रविवार को एक दिल दहला देने वाली सड़क दुर्घटना सामने आई है।

जानकारी के अनुसार, बांधवगढ़ एसडीएम अंबिकेश प्रताप सिंह की बोलेरो गाड़ी को नौरोजाबाद थाना अंतर्गत नेशनल हाईवे नौरोजाबाद बाईपास के पास एक तेज़ रफ़्तार काली स्कॉर्पियो ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि बोलेरो और स्कॉर्पियो दोनों गाड़ियों का आगे का हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। टक्कर मारने के बाद स्कॉर्पियो का चालक मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश में पुलिस जुट गई है।

### निजी वाहन से जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, एसडीएम अंबिकेश प्रताप सिंह अपने निवास की ओर जा रहे थे, तभी सामने से आ रही स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर उनकी बोलेरो से जा टकराई। स्पाइसी ढाबा में खाना खा रहे ग्राम पंचायत पठारी के गोविन्द प्रसाद गौतम दुर्घटना स्थल पर स्थानीय लोगों के साथ तुरंत पहुंचे और उन्हें वाहन से बाहर निकालकर अपने निजी वाहन से जिला चिकित्सालय पहुंचाया।

### जबलपुर मेडिकल कॉलेज किया रेफर

जिला अस्पताल में डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें जबलपुर मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया है। हादसे की सूचना मिलते ही प्रशासनिक अमला अस्पताल पहुंचा और घटना की जानकारी ली। पुलिस ने स्कॉर्पियो वाहन और फरार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। हाईवे पर हुए इस भीषण हादसे ने स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल बना दिया है।

# 24 घंटे में उखड़ गई शहपुरा की नवनिर्मित सड़क

▶ घटिया सामग्री के उपयोग का आरोप, पीडब्ल्यूडी की कार्यप्रणाली पर उठने लगे सवाल

**शहपुरा नवभारत 17 नवंबर।** शहपुरा नगर के मां शारदा टेकरी से मेन रोड तक पीडब्ल्यूडी द्वारा निर्मित करीब डेढ़ किलोमीटर सड़क की गुणवत्ता को लेकर गंभीर अनियमितताएं सामने आई हैं। निर्माण कार्य पूरा होने के 24 घंटे भी नहीं बीते थे कि सड़क जगह-जगह से उखड़ने लगी और दरारों ने पूरे काम की पोल खोल दी। ग्रामीणों और राहगीरों ने निर्माण में बड़े पैमाने पर मानक उल्लंघन और घटिया सामग्री के उपयोग का आरोप लगाया है।

स्थानीय लोगों के अनुसार सड़क निर्माण में 20 एमएम गिट्टी का मात्र 10 से 20 प्रतिशत ही उपयोग किया गया, जबकि तय मानक 40 से 60 प्रतिशत का है। इतना ही नहीं, पीएमसी में डामर की मात्रा भी बेहद कम पाई गई, जबकि इसे कम से कम 2 से 3 प्रतिशत होना चाहिए।

### सड़क पर जमी मिट्टी नहीं हटाई गई

आरोप है कि ठेकेदार ने सड़क पर जमा मिट्टी को हटाने की प्रक्रिया को पूरी तरह नजरअंदाज करते हुए सीधे डामरीकरण कर दिया, जिसके चलते सड़क की सतह पहले ही दिन फटने लगी। सबसे चिंता की बात यह है कि निर्माण पूरा होने के बावजूद अब तक स्थल पर सूचना बोर्ड नहीं लगाया गया, जिसमें लागत, ठेकेदार, कार्य अवधि और सामग्री के मानकों का उल्लेख होना चाहिए था। इससे निर्माण की पारदर्शिता को लेकर संदेह गहरा गया है।

### मरम्मत की औपचारिकता निभा रहे

फिलहाल ठेकेदार के कर्मचारी दरारों पर एमल्शन डालकर मरम्मत की औपचारिकता निभा रहे हैं, जबकि स्थानीय नागरिक कार्य की तकनीकी जांच और दोषी ठेकेदार पर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि सरकार की योजनाओं का लाभ जनता तक तभी पहुँच सकता है, जब निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ किया जाए।

**इनका कहना है**

रोड में दरारें तब आती है जब रोड पर वाइब्रेशन मशीन को ज्यादा दबाव से वाईब्रेट कर दिया जाता है। आपके द्वारा ऐसा मामला मेरे संज्ञान में लाया गया है तो मैं दिखवाता हूं।

**एमएस धुर्वे, कार्यपालन यंत्री पीडब्ल्यूडी डिंडोरी**





# अव्यवस्था पर छात्रों ने जड़ा मुख्य गेट पर ताला

▶ प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के विद्यार्थियों ने प्रदर्शन कर 3 घंटे की सड़क जाम

**डिंडौरी नवभारत 17 नवंबर।** जिले के सबसे बड़े शिक्षण संस्थान प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में व्याप्त अव्यवस्था, अनियमितताओं और प्रशासन की उदासीनता के खिलाफ सोमवार को छात्रों का गुस्सा फट पड़ा। एबीवीपी के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं ने कॉलेज के मुख्य गेट पर ताला जड़ कर जबरदस्त विरोध प्रदर्शन किया और इसके बाद जबलपुर-डिंडौरी मार्ग को 3 घंटे तक जाम कर दिया। देखते ही देखते सड़क के दोनों ओर वाहनों की लम्बी कतार लग गई। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए वाहन चालकों को औरई बायपास और बड़े सुबखार के लम्बे रास्ते का सहारा लेने विवश होना पड़ा।

### एक्सीलेंस नाम, लेकिन सुविधाएं शून्य

प्रदर्शनकारी छात्रों ने कहा कि कॉलेज प्रशासन पूरी तरह लापरवाह और जवाबदेही से मुक्त है। छात्रों ने आरोप लगाया कि कॉलेज का नाम एक्सीलेंस है, लेकिन हालात खस्ता है। न नियमित क्लास, न पेयजल, न साफ वॉशरूम, न ही सुरक्षा व्यवस्था है। लाइब्रेरी खाली, खेल मैदान जर्जर, सीसीटीवी बंद है। महीनों से ज्ञापन दे रहे हैं पर प्रशासन केवल आश्वासन देता है कार्रवाई नहीं होती।

### छात्रवृत्ति के नाम पर लगाया वसूली का आरोप

छात्रों ने यह भी आरोप लगाया कि एससी/एसटी छात्र-छात्राओं से छात्रवृत्ति आवेदन और प्रक्रिया के नाम पर अवैध रूप से पैसे वसूले जा रहे हैं, जबकि यह पूरी तरह गैरकानूनी है। इस वसूली के खिलाफ भी छात्रों ने जोरदार नारेबाजी की। प्रात: 11 बजे से ही छात्र एकत्रित हुए और कॉलेज के मुख्य प्रवेश द्वार पर ताला जड़ दिया, जिसके बाद ही सड़क जाम शुरू हुआ। छात्रों ने साफ कहा कि लिखित और समयबद्ध कार्रवाई का आश्वासन दिए बिना ताला नहीं खुलेगा। अब झूठे वादे नहीं चलेंगे।

### वार्ता के बाद खुला जाम

स्थिति बेकाबू होते देख प्राचार्य डॉ सुनील दुबे सहित पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के हस्तक्षेप पर छात्रों से बातचीत हुई। काफी देर चली वार्ता के बाद जाम खोला गया, लेकिन छात्रों ने स्पष्ट कहा कि लिखित और समयबद्ध कार्रवाई चाहिए, नहीं तो आंदोलन जिला स्तर पर और भी बड़ा होगा।

**इनका कहना है**

छात्रों ने विभिन्न मांगें रखी हैं। लॉ कॉलेज के लिए शासन से राशि मिल चुकी है, आवश्यक सुविधाओं की तैयारी की जा रही हैं। बीसीआई की प्रक्रिया अगले माह शुरू होगी, हम पुन: आवेदन करेंगे। ओएनसीसी यूनिट के लिए भी प्रयासरत हैं। परीक्षा परिणाम विश्वविद्यालय का विषय है, हमने ज्ञापन भेजे हैं।

**डॉ. सुनील दुबे, प्राचार्य**

# बाल लैंगिक शोषण की रोकथाम आवश्यक

▶ बाल संरक्षण सप्ताह के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित

**अमरपुर नवभारत 17 नवंबर।** शासकीय महाविद्यालय अमरपुर में प्राचार्य संदीप सिंह के निर्देशन एवं रासेयो प्रभारी डॉ. सीमा डाबर के मार्गदर्शन में बाल संरक्षण क्लब एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संयुक्त तत्वावधान में बाल संरक्षण सप्ताह के अंतर्गत बाल लैगिंग शोषण एवं बाल विवाह रोकथाम कार्यक्रम आयोजित किया गया।

महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा फेस मेकिंग और मेहंदी बनाकर एक जागरूकता का संदेश दिया गया हैं। वर्तमान समय में सामाजिक परिवेश में बाल लैंगिक भेदभाव किया जाता रहा हैं, जिससे परिवार की सामाजिक और मानसिक विकास में भारी समस्या उत्पन्न होती हैं। इसलिए बाल लैंगिक शोषण की रोकथाम होना अतिआवश्यक हैं। इसके साथ ही समाज में अशिक्षित, आर्थिक एवं सामाजिक कारणों से बाल विवाह होते अधिकतर देखा जाता हैं।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक मानव समाज में बाल्यावस्था शारीरिक विकास और मानसिक विकास होता हैं। इसलिए वर्तमान समय में बाल विवाह की रोकथाम करने के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक है।



# भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी की बैठक आयोजित



**डिंडौरी, नवभारत 17 नवंबर।** कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया की अध्यक्षता में सोमवार क़ो भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी की बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक के दौरान रेड क्रॉस सोसाइटी की सदस्यता बढ़ाने पर योजना सहित जिले के ब्लॉक स्वास्थ्य केंद्र में जगह मिलने एवं नव निर्माण स्वास्थ्य केंद्र में स्थान चयन कर प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र प्रारंभ करने पर चर्चा हुई। सोसाइटी की सामाजिक एवं जनहितैषी गतिविधियों को और अधिक सक्रियता से करने, ब्लड डोनेशन कैंप, स्वास्थ्य परीक्षण एवं नि:शुल्क दवा वितरण शिविर, पौधा रोपण जैसे कार्यों पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही समय समय पर रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा स्वस्थ्य एवं जागरूकता शिविर का आयोजन करना जिससे आम लोगों को इसका लाभ मिलता रहे।

### ये रहे उपस्थित

बैठक में रेड क्रॉस सोसाइटी के नरेंद्र राजपूत सभापति, कृष्ण कुमार मिश्रा उपसभापति, प्रवीण दास सचिव, सचिन जैन कोषाध्यक्ष, श्री आशीष वैश्य, स्कन्ध चौकसे सदस्य, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज कुमार पांडे सीएमएचओ, डॉ. राज सिविल सर्जन एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे।

# युवक देसी कट्टा सहित गिरफ्तार



▶ अमरपुर पुलिस की कार्यवाही

**चिल्हारी नवभारत 17 नवंबर।** जिले के इंदवार थाना अमरपुर चौकी अन्तर्गत अमरपुर पुलिस को एक युवक से देसी कट्टा बरामद करने में सफलता हासिल हुई।

16 नवंबर को मुखबिर से सूचना प्राप्त होने पर चौकी प्रभारी शिवनाथ प्रजापति ने मामले को गंभीरता में लेते हुए दलबल सहित जांच करते हुए मानपुर बरही रोड पर चौकी अमरपुर के सामने कार क्रमांक एमपी 18 सी 6917 को रोककर चालक और कार की तलाशी लेने पर चालक प्रकाश तिवारी एक देसी कट्टा 315 बोर और तीन जिंदा कारतूस अवैध रूप से रखे पाए गए। पुलिस ने कट्टा, कारतूस एवं कार जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर प्रकरण को विवेचना में लिया गया।

# आउटसोर्स कर्मियों का भविष्य किया जाए सुरक्षित

▶ भारतीय मजदूर संघ ने मुख्यमंत्री को भेजा 28 सूत्रीय मांग पत्र



**डिंडौरी, नवभारत 17 नवंबर।** भारतीय मजदूर संघ (बीएमएस) ने प्रदेश के संगठित एवं असंगठित श्रमिकों की समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री के नाम 28 सूत्रीय मांग पत्र कलेक्टर के माध्यम से सौंपा, जिसे अनुविभागीय अधिकारी राजस्व भारती मेरावी के हाथों मे सौपा गया।

ज्ञापन में आउटसोर्स कर्मचारियों, दैनिक वेतनभोगी कर्मियों, नगर निकायों के सफाई कर्मचारियों, वरिष्ठ नागरिकों एवं पेंशनरों की सुरक्षा, स्थायित्व और सुविधाओं को लेकर व्यापक सुझाव और मांगें रखी गईं। ज्ञापन में कहा गया है कि प्रदेश में बाह्य स्त्रोत (आउटसोर्स) कर्मचारियों की सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित नहीं है। इसलिए हरियाणा और उत्तरप्रदेश की तर्ज पर आउटसोर्स सेवा निगम लिमिटेड बनाकर कर्मचारियों की सेवा, सुरक्षा और भविष्य को सुनिश्चित किया जाए। संघ का कहना है कि इससे श्रम कानूनों का प्रभावी पालन होगा और कर्मचारियों का शोषण रुक सकेगा।

**10 वर्ष पूर्ण करने वाले कर्मचारियों को स्थायी किया जाए**-संघ ने मांग रखी कि प्रदेश के विभागों, निगम-मंडलों, विश्वविद्यालयों, नगर निकायों और अन्य संस्थाओं में कार्यरत दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों, जो 10 वर्ष की सेवा पूरी कर चुके हैं, उन्हें स्थायी कर्मचारी घोषित किया जाए। साथ ही, वर्तमान में कार्यरत स्थाईकर्मियों (विनियमित) का नियमितीकरण किया जाए तथा अनुकंपा नियुक्ति का लाभ भी प्रदान किया जाए।

**सफाई कर्मचारियों को नियमित किया जाए**-ज्ञापन में कहा गया है कि प्रदेश के सभी नगर निगम, नगर पालिका एवं नगर परिषद में कार्यरत सफाई कर्मियों में बड़ी संख्या दैनिक वेतनभोगी एवं अस्थायी श्रमिकों की है, जिनकी 10 वर्ष सेवा पूर्ण हो चुकी है। संघ ने मांग की है कि ऐसे सभी सफाईकर्मियों को नियमित किया जाए तथा नगर निकायों में सफाई व्यवस्था में लागू ठेका प्रथा को पूर्णत: समाप्त किया जाए।

# उदासीन अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी

▶ समय सीमा बैठक में कलेक्टर ने एसआईआर कार्य प्रगति की समीक्षा की



**डिंडौरी, नवभारत 17 नवंबर।** निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण की धीमी गति और उदासीनता पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अंजू पवन भदौरिया ने कड़ा रुख अपनाया है। कलेक्टर ने विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 103 शहपुरा के 34 और 104 डिंडौरी के 32 बीएलओ सुपरवाइजरों को कारण-बताओ नोटिस जारी किया है।

समय-सीमा की बैठक में एसआईआर प्रक्रिया तथा गणना पत्रकों के डिजिटलाईजेशन की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने निर्देश दिया कि प्रत्येक दिन कम से कम 15 प्रतिशत प्रगति लानी अनिवार्य है। 'गणना पत्रक संग्रह एवं डिजिटलाईजेशन के लिए बीएलओ के सहयोग हेतु पटवारी, सचिव, रोजगार सहायक को भी लगाया गया है। कलेक्टर ने सभी तहसीलदार, नायब तहसीलदार, मुख्य कार्यपालन अधिकारी (जनपद पंचायत), विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं बीआरसी को लगातार मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए।

### जनपद सीईओ व सीएमओ को भी दी जिम्मेदारी

कलेक्टर ने सभी जनपद पंचायतों के सीईओ और नगर निकायों के सीएमओ को निर्देशित किया कि वे वार्ड स्तर के अमले को मतदान केंद्रवार गणना पत्रक कलेक्शन व डिजिटलाईजेशन कार्य में लगाएँ। खराब प्रगति वाले क्षेत्रों पर कलेक्टर ने गहरी नाराजगी भी जताई और तुरंत गति बढ़ाने के निर्देश दिए।

### रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को दी चेतावनी

एसआईआर प्रगति की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को निर्देश दिया—जो बूथ लेवल अधिकारी 200 से कम प्रगति कर रहे हैं, उन्हें तत्काल कारण-बताओ नोटिस जारी करें। मतदाता सूची के शुद्धिकरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### 71,581 से अधिक फॉर्म डिजिटलाईज

बैठक में बताया गया कि जिले में अब तक 71,581 से अधिक फॉर्म का डिजिटलाईजेशन हो चुका है, लेकिन अभी भी बड़ी संख्या में फॉर्म लंबित हैं। कलेक्टर ने निर्देश दिया कि—डिजिटलाईजेशन प्रक्रिया को और तेज किया जाए, निर्धारित प्रारूप के अनुसार फॉर्म अपलोड किए जाएँ,प्रतिदिन अनिवार्य रूप से 15ज प्रगति दर्ज की जाए।

# पत्रकार समाज का आइना होते हैं : मो . असलम

▶ हिंदू मुस्लिम एकता मंच ने राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर पत्रकारों का किया सम्मान



**नवभारत उमरिया 17 नवंबर।** राष्ट्रीय प्रेस दिवस के उपलक्ष्य में रविवार को हिंदू मुस्लिम एकता मंच उमरिया द्वारा जिले के पत्रकारो का सम्मान किया गया।

हिंदू मुस्लिम एकता मंच के संस्थापक मो. असलम शेर, मंच के जिला संयोजक राजेंद्र कोल तथा मंच के अन्य सदस्यों ने शहर के पत्रकारों के घर-घर और कार्यालयों में पहुंचकर उन्हें माला पहनाकर अभिनंदन किया और राष्ट्रीय प्रेस दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। हिंदू मुस्लिम एकता मंच के संस्थापक मो. असलम शेर ने कहा कि पत्रकार समाज का आईना होते हैं। लोकतंत्र में प्रेस चौथा स्तंभ है, और उसकी स्वतंत्रता किसी भी देश की असली ताकत होती है। आज के समय में जब फेक न्यूज़ और भ्रम फैलाने वाली सूचनाएं बढ़ रही हैं, ऐसे में सच्चाई और सत्यनिष्ठा को सबसे ऊपर रखना ही असली पत्रकारिता है।

**पत्रकार समाज को सही जानकारी देते हैं : कोल**-हिंदू मुस्लिम एकता मंच के संयोजक राजेंद्र कोल ने राष्ट्रीय प्रेस दिवस केवल एक दिन नहीं, बल्कि उन पत्रकारों के समर्पण का सम्मान है, जो हर परिस्थिति में समाज को सही जानकारी देते हैं। पत्रकारों की निडर और निष्पक्ष भूमिका लोकतंत्र को जीवित रखती है। हम सभी पत्रकार बंधुओं को हृदय से प्रणाम करते हैं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं।